प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- आयकर विधेयक, 2025 आज लोकसभा में पेश किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा– सरकार 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' में हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने के लिए लगातार काम कर रही है।
- विश्व रेडियो दिवस आज–इस वर्ष का विषय है रेडियो और जलवायु परिवर्तन
- राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाई गयी।

000000

आयकर विधेयक, 2025 आज लोकसभा में पेश किया जायेगा। आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक सदन की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट भी आज लोकसभा और राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद के बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी दिन है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर दे रहा है, बल्कि वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान करता है। संसद भवन परिसर में कल श्री बिरला ने 16 देशों के 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ, मालिकों और संस्थापकों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत में आज राजनीतिक स्थिरता और सुशासन है, जो वसुधैव कुटुम्बकम की भावना पर आधारित है और इसी कारण भारत का विश्व की राजनीति में अहम स्थान है। श्री बिरला ने राष्ट्र के विकास को आकार देने में भारत के मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से इन्वेस्टर इंटरफेस के माध्यम से निवेशकों को एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी उपलब्ध करवायी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को एमओयू के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए इन्हें धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने भू–आवंटन से संबंधित शेष एमओयू को प्राथमिकता से निस्तारित करने और और इनकी साप्ताहिक रूप से समीक्षा करने को भी कहा।

00000

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के किसान कौशल विकास केन्द्र की ओर से बींजवाडिया गांव में महिलाओं को बाजरे से विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बाताया कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

.....

0000

पाली में पुलिस की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के लिये नवाचार किया गया है। इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों की एक अलग से विंग तैयार की गई है। इनसे केवल अपनी समस्या साझा करने से ही महिलाओं को परेशानी से छुटकारा मिल रहा है।

.....

0000

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढाने और रेडियो के जरिये सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है रेडियो और जलवायु परिवर्तन।

.....

रेडियो दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि लगभग 9 दशकों से आकाशवाणी श्रोताओं तक सूचना शिक्षा और मनोरंजन पंहुचा रहा है।

.....

0000

रामजलसेतु लिंक परियोजना की डीपीआर को अंतिम रूप देने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी के साथ राजस्थान और मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने केन्द्रीय जल विकास अभिकरण को प्रस्तुत डीपीआर पर चर्चा की। सचिव ने दोनों राज्यों के अधिकारियों को आवश्यक संशोधन करते हुए 15 दिनमें डीपीआर प्रस्तुत करने को कहा है। परियोजना में राजस्थान को कुल 4 हजार 102 मिलियन क्यूबिक मीटर्स–एमसीएम पानी उपलब्ध होगा। इसमें लगभग 522 एमसीएम रिसाईकल्ड पानी शामिल है।

0000

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाई गयी है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। श्री दक ने बताया कि केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। अब पहले पंजीकरण करवा चुके किसान बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स बेच सकेंगे। उन्हें नये पंजीकरण नहीं कराने होंगे।

000000

रणथंभौर बाघ परियोजना के कुंडेरा वन क्षेत्र में बाघिन टी 103 दो शावकों के साथ नजर आई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शावक देखे जाने के बाद वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।

......

000000

12वीं अखिल भारतीय पेंशन अदालत आज नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह करेंगे। इसका उद्देश्यय लंबे समय से लटके पेंशन मामलों का समाधान करना है। पेंशन अदालत में मंत्रालयों से संबंधित 180 मामलों पर चर्चा की जाएगी।

000000